web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

Govt. Registered Social Justice Union

दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, मंगलवार, 22 मार्च 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-04, अंक- 172

## कर्नाटक उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को धमकी देने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**तिरुनेलवेली (आरएनएस)।** तमिलनाडु पुलिस ने इस्लामिक संगठन तमिलनाडु तौहीद जमात (टीएनटीजे) के दो पदाधिकारियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों को कर्नाटक उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को जान से मारने की धमकी देने के आरोप गिरफ्तार किया है। कर्नाटक उच्च न्यायालय के जिन न्यायाधीशों को जान से मारने की धमकी दी गयी थी, उन्होंने हाल ही में फैसला सुनाया था कि हिजाब पहनना इस्लाम की एक आवश्यक धार्मिक प्रथा नहीं है। पुलिस सूत्रों ने आज यहां बताया कि कोवई आर. रहमतुल्लाह को तिरुनेलवेली से गिरफ्तार किया गया, जबकि एस.जमाल मोहम्मद उस्मानी को शनिवार रात तंजावुर से गिरफ्तार किया गया।

टीएनटीजे ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन किया था और 17 मार्च को मदुरै के गोरीपालयम में आयोजित आंदोलन में रहमतुल्लाह ने कहा था कि अगर हिजाब मामले के फैसले पर न्यायाधीशों की हत्या हो जाती है, तो वे खुद अपनी मौत के लिए जिम्मेदार होंगे। उसने कहा था कि एक मामले में गलत फैसला देने वाले न्यायाधीश की झारखंड में मॉर्निंग वॉक के दौरान मौत हो गई। न्यायाधीश उत्तम आनंद को पिछले अगस्त में एक ऑटो रिक्शा ने कुचल दिया था। हमारे समुदाय में कुछ भावुक लोग हैं। अगर उन्हें (जजों) कुछ होता है, तो भाजपा हमें दोष देने के लिए एक मौके का इंतजार कर रही है।



वहीं उस्मानी ने तंजावुर के अथिरामपट्टिनम में आयोजित एक रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और कर्नाटक उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी। इसके बाद पुलिस ने रहमतुल्ला और उस्मानी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने टीएनटीजे मदुरै जिला अध्यक्ष हबीबुल्लाह और तंजावुर जिले के नेता राजिक मोहम्मद के खिलाफ भी प्रधानमंत्री , गृह मंत्री , उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और न्यायाधीशों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने को लेकर मामला दर्ज किया है। इस बीच, बेंगलुरु पुलिस ने भी न्यायाधीशों को दी गयी धमकियों की जांच शुरू कर दी है और वकील सुधा कटवा द्वारा दायर एक शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की।

### प्रदर्शनकारियों को एक और झटका, दोबारा नहीं होगी 12वीं की परीक्षा

**बेंगलुरु (आरएनएस)।** कर्नाटक में हिजाब मामले को लेकर परीक्षा का बहिष्कार कर विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए छात्रों को बड़ा झटका लगा है। सरकार ने ऐसे छात्रों को प्रेक्टिकल एग्जाम में शामिल होने के लिए दूसरा मौका देने से इनकार कर दिया है। राज्य में पीयू 2 के सैकड़ों छात्र विरोध प्रदर्शनों में शामिल हुए थे। 15 मार्च को कर्नाटक हाईकोर्ट ने शैक्षणिक संस्थानों में वर्दी को लेकर राज्य सरकार के आदेश को बरकरार रखा था। कर्नाटक में कक्षा 12 को ही पीयू 2 कहा जाता है। सरकार ने दो दिन पहले ही दोबारा परीक्षा लेने के संकेत दिए थे हालांकि, रविवार को सरकार ने प्रैक्टिल से गायब रहे छात्रों के लिए यह विकल्प हटा दिया है। प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा मंत्री बीसी नागेश ने कहा, हम इसकी संभावनाओं पर भी कैसे विचार कर सकते हैं? उन्होंने आगे कहा, हाईकोर्ट के अंतरिम आदेश देने के बाद भी अगर उन छात्रों को अनुमति दी जाती है, जो परीक्षा में हिजाब पहनने की अनुमति नहीं मिलने पर प्रैक्टिल्स का बहिष्कार कर रहे थे, तो दूसरे छात्र भी कुछ और कारण लेकर आएंगे और दूसरा मौका मांगेंगे। यह संभव नहीं है। पीयू परीक्षाओं में प्रैक्टिकल के 30 और थ्यौरी के 70 अंक होते हैं।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### जम्मू-कश्मीर में पुलिस ने चरस के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार

**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने प्रदेश के कठुआ जिले के लखनपुर इलाके में चरस के साथ मादक पदार्थ के तस्कर को गिरफ्तार किया। लखनपुर के थाना प्रभारी कोतवाल ने बताया कि पर्यटन भवन लखनपुर के पास चेकिंग के दौरान करीब 15.114 किलो ग्राम चरस जब्त किया गया और इस सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि वाहन को भी जब्त कर लिया गया है। वहीं कठुआ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) आर.सी. कोतवाल और उपाधीक्षक डी.ए.आर. कठुआ सुखदेव सिंह के निर्देश पर तलाशी अभियान चलाया गया। पर्यटन भवन लखनपुर के पास गश्त के दौरान श्रीनगर से पंजाब की ओर जाने वाले रास्ते में पिंजूर, शोपियां के मंजूर अहमद दारजी द्वारा चलाए जा रहे एक संदिग्ध ट्रक को चेकिंग के लिए रुकने का निर्देश दिया गया। तलाशी लेने पर वाहन से चरस बरामद हुआ। पुलिस ने बताया कि इस सिलसिले में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

### खाई में गिरी ट्रक , दो की मौत, नौ घायल

**उत्तरकाशी (आरएनएस)।** रुडक़ी (हरिद्वार) से पुरोला की ओर जा रहा एक ट्रक डामटा-नौगांव के बीच सारीगाड़ के निकट अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गया। हादसे के वक्त वाहन में 11 लोग सवार थे। जिनमें से दो लोगों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, जबकि 9 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को 108 सेवा के माध्यम से सीएचसी नौगांव और डामटा में भर्ती कराया गया है। सोमवार को एनएच-123 पर सुबह लगभग साढ़े छह बजे डामटा-नौगांव के बीच रुडक़ी से पुरोला की ओर जा रहा एक ट्रक सारीगाड़ के निकट अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया। ट्रक दुर्घटना की सूचना मिलते ही एसडीआरएफ बडक़ोट, फायर ब्रिगेड बडक़ोट, डामटा पुलिस तथा 108 आपातकालीन सेवा नैनबाग, बडक़ोट, नौगांव मौके पर पहुंचे तथा रेस्क्यू कार्य में जुट गए। रेस्क्यू टीम ने घायलों को खाई से निकाल सडक़ मार्ग तक पहुंचाया। जिसके बाद उन्हें 108 सेवा के माध्यम से सीएचसी नौगांव और डामटा में भर्ती कराया गया। जहां उनका उपचार किया जा रहा है। वाहन में सवार सभी लोग मजदूरी का काम करने रुडक़ी से पुरोला जा रहे थे। गोताखोरों ने रविवार व सोमवार को फिर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया पीएसी के गोताखोरों की कड़ी मशक्कत के 72 घण्टे बाद सोमवार को सुबह पीएसी के गोताखोरों ने श्यामसुंदर पुत्र रतीराम 25 वर्षीय का शव बरामद कर लिया। अभी भी दिनेश पुत्र सीताराम की तलाश जारी है। थानाध्यक्ष सतीश कुमार राठौर ने बताया कि गंगा घाट में तीन लोग डूब गए था जिसमें साक्षी पुत्री जयकरन 11 वर्षीय व श्याम सुंदर 25 वर्षीय का शव बरामद कर लिया गया वहीं अभी भी एक एक की तलाश जारी है। गोताखोरों द्वारा रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है। पुलिस ने मृतक युवक का शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किए गए सीडीएस बिपिन रावत, बेटियों ने लिया सम्मान

नई दिल्ली ,21 मार्च (आरएनएस)। भारत के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत को मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। रावत की पिछले साल दिसंबर में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। सीडीएस की ओर से उनकी बेटियों कृतिका और तारिणी ने पुरस्कार प्राप्त किया। बेटियों को आज राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से पुरस्कार मिला। भारत के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ रहे जनरल बिपिन रावत की पिछले साल दिसंबर में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मौत हो गई थी। हेलीकॉप्टर दुर्घटना में जनरल रावत की पत्नी मधुलिका रावत और रक्षा बल के 12 अन्य जवानों की भी मौत हो गई थी। पद्म पुरस्कार, देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से एक है और, यह तीन श्रेणियों, पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री में प्रदान किए जाते हैं। पुरस्कार विभिन्न विषयों / गतिविधियों के क्षेत्रों में दिए जाते हैं। पुरस्कारों की घोषणा हर साल गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में जनरल बिपिन रावत (मरणोपरांत) और कांग्रेस नेता गुलाम नबी आजाद समेत कई हस्तियों को पद्म पुरस्कार प्रदान किए।

## दिल्ली से दोहा जा रही फ्लाइट में आई तकनीकी खराबी, कराची में करानी पड़ी इमरजेंसी लैंडिंग

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कतर एयरवेज की क्यूआर579 फ्लाइट को तकनीकी खराबी के चलते पाकिस्तान के कराची में डायवर्ट किया गया। कराची एयरपोर्ट पर फ्लाइट की लैंडिंग हो गई है। विमान में 100 से ज्यादा यात्री सवार थे। इस फ्लाइट सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं।




कतर एयरवेज ने बताया कि उड़ान के दौरान कार्गो होल्ड से धुंआ निकलने का संकेत मिला, जिसके कारण इमरजेंसी घोषित करनी पड़ी। कराची में इस फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग हुई और सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर उतार दिया गया।

कतर एयरवेज ने कहा कि एयरलाइन ने कहा कि घटना की फिलहाल जांच की जा रही है। यात्रियों को दोहा ले जाने के लिए रिलीफ फ्लाइट की व्यवस्था की जाएगी। एयरवेज ने अपने बयान में कहा, हम अपने यात्रियों को हुई असुविधा के लिए क्षमा चाहते हैं। सभी यात्रियों की आगे की यात्रा योजनाओं में सहायता की जाएगी।

## द कश्मीर फाइल्स चंडीगढ़ में भी टैक्स फ्री, अब कम दरों पर मिलेगा टिकट

**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** चंडीगढ़ के प्रशासक बनवारी लाल पुरोहित ने केंद्र शासित प्रदेश में बॉलीवुड फिल्म द कश्मीर फाइल्स को टैक्स फ्री कर दिया है। आधिकारिक आदेश के अनुसार, मल्टीप्लेक्स और सिनेमा थिएटर दर्शकों से यूटीजीएसटी नहीं वसूल सकेंगे। फिलहाल, यह आदेश 4 महीनों तक लागू रहेगा। कश्मीरी पंडितों के पलायन की कहानी को बताती हुई इस फिल्म को हरियाणा, गुजरात, मध्य प्रदेश, गोवा, कर्नाटक, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में टैक्स फ्री घोषित किया जा चुका है।



सरकारी आदेश के अनुसार, सिनेमा थियेटर या मल्टीप्लेक्स एंट्री फीस में इजाफा नहीं कर सकेंगे। साथ ही अलग-अलग श्रेणियों में बैठने की क्षमता में भी बदलाव की अनुमति नहीं होगी। आगे कहा गया है कि सिनेमाघर यूटीजीएसटी की राशि को कम करने के बाद मिली कीमत पर टिकट बेचेंगे। आदेश में कहा गया है कि यूटीजीएसटी के रिइंबर्समेंट या प्रतिपूर्ति को लेकर अलग से गाइडलाइंस जारी की जा रही हैं।

**फिल्म स्क्रीनिंग पर कांग्रेस ने जताई आपत्ति**

पंजाब के राज्यपाल पुरोहित ने पंजाब राज भवन के गुरु नानक ऑडिटोरियम में द कश्मीर फाइल्स की स्क्रीनिंग आयोजित की थी। अब चंडीगढ़ कांग्रेस ने इस फैसले पर आपत्ति जाहिर करते हुए इसे राज्यपाल के दफ्तर की गरीमा के खिलाफ बताया है। होली के मौके पर शाम 4 बजे आयोजित हुई इस स्क्रीनिंग में कई गणमान्य लोगों को आमंत्रित किया गया था।

चंडीगढ़ कांग्रेस के प्रमुख सुभाष चावला ने कहा, राज्यपाल एक संवैधानिक प्राधिकारी है, जिन्हें एक आम फिल्म का प्रचार करने के स्तर तक नहीं गिरना चाहिए। उन्होंने आगे आरोप लगाए, यह फिल्म भाजपा और आरएसएस के विभाजनकारी एजेंडा को बढ़ावा देती है और देश के लोगों को यह एहसास हो चुका है। अब दर्शकों को थियेटर में वापस लाने के लिए भाजपा राज्य व्यवस्था और संवैधानिक प्राधिकारियों का इस्तेमाल करने पर मजबूर है।

## पांच कैबिनेट मंत्रियों संग बीरेन सिंह ने ली सीएम पद की शपथ

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** मणिपुर में एक बार फिर एन बीरेन सिंह मुख्यमंत्री बन गए हैं। एन बीरेन सिंह ने सोमवार को इंफाल में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। बीरेन सिंह के साथ ही पांच कैबिनेट मंत्रियों ने भी शपथ ली है। इनमें नेमचा किपजेन, वाई. खेमचंद सिंह, बिस्वजीत सिंह, अवंगबौ न्यूमाई और गोविंदास कोंथौजम शामिल हैं। बीरेन सिंह ने जेपी नड्डा और अन्य भाजपा नेताओं की उपस्थिति में दूसरी बार मणिपुर के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली है। एक दिन पहले ही एन बीरेन सिंह को विधायक दल का नेता चुना गया था। शपथ लेने के बाद बीरेन सिंह ने कहा कि मेरी सरकार का पहला कदम इसे भ्रष्टाचार मुक्त राज्य बनाना होगा। उन्होंने कहा कि मैं राज्य से भ्रष्टाचार को मिटाने के लिए दिन-रात काम करूंगा। अगला कदम यह होगा कि राज्य से किसी भी तरह के मादक पदार्थ संबंधी मामले को खत्म किया जाए। तीसरा मैं यह देखने की कोशिश करूंगा कि राज्य में सक्रिय सभी विद्रोहियों को बातचीत की मेज पर लाया जाए और संवाद हों। ये तीनों मेरे प्राथमिक कर्तव्य होंगे।



### धामी बने फिर उत्तराखंड के सीएम, शपथ होगा ग्रहण कल

**देहरादून (आरएनएस)।** उत्तराखंड में बीजेपी ने पुष्कर सिंह धामी को फिर से उत्तराखंड के सीएम पद पर मौका दिया है। हालांकि, इस बार उत्तराखंड में बीजेपी धामी के चेहरे पर चुनाव लड़ी और जीत भी गई, लेकिन धामी खटीमा सीट से चुनाव हार गए थे। बतौर सीएम उनका कार्यकाल सिर्फ पांच माह का रहा। साथ ही उनके कार्यकाल को बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं ने काफी सराहा था। ऐसे में बीजेपी नेतृत्व में उन पर ही भरोसा जताया। बैठक के बाद केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पुष्कर सिंह धामी को बधाई दी। साथ ही कहा कि वे विकास को गति देंगे। ऐसा मुझे विश्वास है। उन्होंने कहा कि विकास के लक्ष्य को लेकर उत्तराखंड सरकार काम करेगी। उन्होंने कहा कि छह माह का उन्हें समय मिला। इसमें वह खरे उतरे। छह महीने धामी ने सरकार चलाकर उत्तराखंड में अपनी छाप छोड़ी है। इसके बाद पुष्कर सिंह धामी राजभवन पहुंचे। यहां उन्होंने सरकार बनाने का दावा पेश किया। 23 मार्च को उनका शपथ ग्रहण समारोह होगा। इससे पहले उत्तराखंड के पर्यवेक्षक और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा के प्रदेश प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम, पर्यावेक्षक राजनाथ सिंह और मीनाक्षी लेखी, चुनाव प्रभारी प्रहलाद जोशी सहित कई नेताओं ने पैसेफिक होटल में बीजेपी के सांसदों और कुछ विधायकों और वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक कर सीएम के नाम को लेकर आपस में चर्चा की थी। इसके बाद सभी बीजेपी मुख्यालय के लिए रवाना हुए। जहां विधायक दल की बैठक में सीएम ने नाम की घोषणा की गई।

## 1 फरवरी से 11 मार्च, 2022 तक लगभग 22,500 भारतीय लौटे यूक्रेन से

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** 1 फरवरी से 11 मार्च, 2022 तक लगभग 22,500 भारतीय नागरिक यूक्रेन से भारत आए हैं। ऑपरेशन गंगा के तहत 90 निकासी उड़ानों का संचालन किया गया, जिनमें भारतीय वायु सेना की 14 उड़ानें भी शामिल हैं।

सरकार ने निकासी उड़ानों के संचालन के लिए भारतीय एयरलाइनों के साथ तालमेल किया था। छह निजी एयरलाइनों अर्थात् एयर एशिया, एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस, गो फर्स्ट, इंडिगो और स्पाइसजेट ने ऑपरेशन गंगा के तहत चार्टर्ड सेवाओं का संचालन किया।

सरकार ने यूक्रेन से सटे देशों-रोमानिया, हंगरी, पोलैंड और स्लोवाकिया से भारतीय नागरिकों को निकालने के लिए ऑपरेशन गंगा के तहत छह निजी एयरलाइनों-एयर एशिया, एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस, गो फर्स्ट, इंडिगो और स्पाइसजेट के साथ तालमेल किया है।

एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस दोनों ने मिलकर ऑपरेशन गंगा के तहत 23 निकासी उड़ानें संचालित की हैं। ऑपरेशन गंगा के तहत संचालित की गई सभी हवाई उड़ानों का किराया पूरी तरह से भारत सरकार ने वहन किया है।

यह जानकारी नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री जनरल (डॉ.) वी.के. सिंह (सेवानिवृत्त) ने आज राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में दी।

## भारतीय सैन्य दल संयुक्त सैन्य अभ्यास लामितिये - 2022 के लिए सेशेल्स पहुंचा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय सेना और सेशेल्स रक्षा बलों (एसडीएफ) के बीच 9वां संयुक्त सैन्य अभ्यास लामितिये–2022, सेशेल्स रक्षा अकादमी (एसडीए) सेशेल्स में 22 मार्च से 31 मार्च 22 तक आयोजित किया जा रहा है। भारतीय सेना और सेशेल्स रक्षा बल दोनों की एक-एक इन्फैंट्री प्लाटून कंपनी मुख्यालय के साथ इस अभ्यास में भाग लेंगी। इस अभ्यास का उद्देश्य अर्ध-शहरी वातावरण में शत्रु बलों के खिलाफ विभिन्न अभियानों के दौरान प्राप्त किए गए अनुभवों को साझा करने और संयुक्त अभियान शुरू करने के लिए क्षमता में वृद्धि करना है।



भारतीय सैन्य दल में 2/3 गोरखा राइफल्स समूह (पीरकंठी बटालियन) के सैनिक शामिल हैं। यह दल 21 मार्च, 2022 को सेशेल्स पहुंच गया है।

सैन्य अभ्यास - 2022 एक द्विवार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जिसका 2001 से सेशेल्स में आयोजन किया जा रहा है। यह उल्लेखनीय है कि विभिन्न देशों के साथ भारत द्वारा किए जा रहे सैन्य प्रशिक्षण अभ्यास की श्रृंखला में सेशेल्स के साथ आयोजित किया जा रहा यह लामितिये अभ्यास मौजूदा वैश्विक स्थिति और हिन्द महासागर क्षेत्र में बढ़ती हुई सुरक्षा चिंताओं की पृष्ठभूमि में दोनों देशों के लिए सामने आ रही सुरक्षा चुनौतियों के संदर्भ में बहुत अहम और महत्वपूर्ण है।

इस 10 दिनों तक चलने वाले संयुक्त अभ्यास में क्षेत्र प्रशिक्षण अभ्यास, युद्ध चर्चा, व्याख्यान, प्रदर्शन शामिल हैं जो दो दिवसीय प्रमाणीकरण अभ्यास के साथ समाप्त होगा। इस संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास का उद्देश्य दोनों सेनाओं के बीच कौशल, अनुभव और अच्छी प्रक्रियाओं के आदान-प्रदान के द्वारा द्विपक्षीय सैन्य संबंधों की स्थापना करना और उन्हें बढ़ावा देना है। दोनों पक्ष संयुक्त परिचालन आयोजित करने के लिए नई पीढ़ी के उपकरणों और प्रौद्योगिकी का पता लगाने और प्रदर्शन करते हुए, अर्ध शहरी वातावरण में आने वाले संभावित खतरों को समाप्त करने के लिए अच्छी तरह से विकसित सामरिक अभ्यासों की एक श्रृंखला का संयुक्त रूप से प्रशिक्षण, नियोजन और निष्पादन करेंगे। अर्ध-शहरी वातावरण में शत्रु दलों का मुकाबला करने में सामरिक कौशल को बढ़ाने और दोनों बलों के बीच अंतर-संचालन बढ़ाने पर पूरा ध्यान केन्द्रित किया जाएगा।

भारतीय सैन्य दल के कंपनी कमांडर मेजर अभिषेक नेपाल सिंह ने कहा कि यह द्विवार्षिक सैन्य अभ्यास, सेशेल्स में आयोजित एक निर्गामी आउटबाउंड अभ्यास है, जिसने दोनों सेनाओं के बीच द्विपक्षीय सैन्य सहयोग और अंतर-संचालनता को मजबूत बनाने में काफी योगदान दिया है। हम विचार-विमर्श और सामरिक अभ्यासों पर आधारित अनेक स्थितियों के माध्यम से उप-पारंपरिक संचालनों में नई प्रौद्योगिकी के समावेश के साथ-साथ मान्य अभ्यासों और प्रक्रियाओं को समाविष्ट करने के लिए व्यवहारिक पहलुओं को साझा करने के लिए भी तत्पर हैं।

इस संयुक्त सैन्य अभ्यास से भारतीय सेना और सेशेल्स रक्षा बलों (एसडीएफ) के बीच रक्षा सहयोग के स्तर को बढ़ाने और दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी।